The issue price of levy sugar under the Public Distribution System during the last three years was as under:

| Date from which effective | Retail price (Rs./Kg.) |
|---|---|
| 1-1-1988 | 5·10 |
| 1-1-1989 | 5·25 |
| 24-7-1991 till date | 6·10 |

**चीनी का निर्यात**

838. **श्री रणजीत सिंह :**
**डा० जितेन्द्र कुमार जैन :**

क्या **खाद्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1990-91 में देश में चीनी के उत्पादन में वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो इस वर्ष के दौरान चीनी का अनुमानित उत्पादन कितना हुआ ;

(ग) क्या घरेलू आवश्यकताओं को देखते हुये सरकार ने चीनी का निर्यात करने का निर्णय लिया है ;

(घ) यदि हां, तो कितनी मात्रा में चीनी का निर्यात किये जाने का विचार है ; और

(ङ) क्या यह भी सच है कि आम मूल्य वृद्धि के कारण चीनी का उत्पादन लागत में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे चीनी मिल मालिक वर्तमान चीनी नीति में परिवर्तन करने की मांग कर रहे हैं ; यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री तरुण गोगोई) :** (क) जी, हां ।

(ख) चीनी वर्ष 1990-91 (अक्तूबर से सितम्बर) के दौरान चीनी का अनुमानित उत्पादन 119.05 लाख टन (अन्तिम) हुआ था ।

(ग) जी, हां ।

(घ) यह निर्णय लिया गया था कि 1990-91 के मौसम के उत्पादन में से 5.61 लाख टन चीनी निर्यात की जायेगी ।

(ङ) मौजूदा चीनी नीति में परिवर्तन करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

**महाराष्ट्र में नये चीनी कारखानों को स्वीकृति दिया जाना**

893. **श्री विखासराम रामराव पाटिल :** क्या **खाद्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने चीनी कारखानों तथा उनका विस्तार किये जाने की स्वीकृति देने के लिये दस सदस्यों की एक नई समिति का गठन किया है ;

(ख) यदि हां, तो नये चीनी कारखानों के संबंध में समिति द्वारा कब तक निर्णय लिये जाने की संभावना है ;

(ग) सरकार के पास महाराष्ट्र में नये चीनी कारखाने लगाने की स्वीकृति के लिये कितने आवेदन पत्र लंबित पड़े हैं, तथा उनकी प्राप्ति की तारीख, उन आवेदक कारखानों के नाम आदि का ब्यौरा क्या है जो मापदंड पूरा करते हैं; और

(घ) आवेदन पत्रों को कब तक निपटाये जाने की संभावना है ?

**खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री तरुण गोगोई) :** (क) संशोधित मार्गदर्शी सिद्धांतों के जारी हो जाने के परिणाम स्वरूप खाद्य मंत्रालय ने नई चीनी फैक्टरियों की स्थापना तथा मौजूदा